# जनगणना को लेकर एन्डराइड मोबाइल पर अधिकारियों को प्रशिक्षित किया

**कार्यशाला**

मोबाईल मैपिंग 2021 एप्प के सम्बन्ध में विस्तार से जानकारी दी

**संवाददाता**

देहरादून। आज की जनगणना–कल का विकास भारत की जनगणना 2021 हेतु आयोजित कार्यशाला के द्वितीय दिवस में कलेक्ट्रेट सभागार में सहायक निदेशक जनगणना कार्य निदेशालय उत्तराखण्ड तान्या सेठ के मार्गदर्शन में सम्पन्न हुई। इस अवसर पर जनगणना के लिए नियुक्त चार्ज अधिकारी एवं सहायक चार्ज अधिकारी जनगणना उपस्थित रहे। कार्यशाला के अन्तिम दिन मंगलवार को मोबाईल मैपिंग 2021 एप्प के सम्बन्ध में विस्तार से जानकारी दी तथा एन्डराईड मोबाइल पर अधिकारियों को प्रशिक्षित किया गया।

कार्यशाला में डिजिटल से सेन्सस, सीएमएमएस की जानकारी देते हुए अवगत कराया गया कि इसके तहत् हाउस लिफ्टंग ब्लॉक तथा ले आउट मानचित्र के अलावा प्रत्येक एचएल ब्लॉक के लिए ब्लाक के भीतर कम से कम एक लैण्डमार्क कैप्चर किया जाना चाहिए। उन्होंने बताया कि इस एप्प का उपयोग सुपरवाईजर द्वारा किया जायेगा तथा सभी क्षेत्रों को ले आउट स्कैच में बिना छुटे हुए या बिना ओवरलैप के शामिल किया जायेगा।

उन्होंने बताया कि यह एप्प ओवरलैप के मोड में भी काम करता है लेकिन जनगणना 2021 के लिए बनाए गये अन्य सभी एप्प की तरह साइन–इन करने के लिए इस एप्प में भी इंटरनेट कनेक्टिविटी की आवश्यकता होती है और एकबार साइन इन करने के बाद सुपरवाईजर सर्किल के अन्तर्गत समस्त हाउस लिस्टंग ब्लॉक के टर्मिनल सीमा बिन्दु अंकित होने तक साइन आउट न करें।

# अपर मुख्य चिकित्साधिकारी ने सीएचसी कालसी का किया निरीक्षण



सीएचसी कालसी का निरीक्षण करते एसीएमओ।

**(संवाददाता)** देहरादून। मंगलवार को अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. दिनेश चौहान द्वारा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कालसी का निरीक्षण किया गया, जिसमे समस्त आशाओं, एएनएम, फार्मासिस्ट की बैठक आयोजित की गई। जिसमें ब्लॉक में चल रही योजनाओं की प्रगति पर चर्चा की गयी व साथ ही कोरोना वायरस, एच वन एन वन इंफ्रलूयंजा, डेंगू के बारे में संक्षिप्त गोष्ठी का आयोजन किया गया और इससे निपटने के बारे में समझाया गया। इस मौके पर डा. राजीव दीक्षित, डा. पीयूष, डा. गरिमा भट्ट, डा. आदित्य आदि लोग उपस्थित रहे।


# Page Three
## Classified

**Adds can be booked under these Categories : (all day publication)**

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

**Matrimonial (Sunday Only)**



**अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द**


# जनसमस्या के निराकरण में गम्भीरता से कार्य करें: डीएम

**बैठक**

## 15 दिन के भीतर कार्यवाही करते हुए रिपोर्ट प्रस्तुत करें

**संवाददाता**

देहरादून। जिलाधिकारी डॉ आशीष कुमार श्रीवास्तव की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में 01 फरवरी 2020 से 15 फरवरी 2020 तक विभिन्न स्तरों से प्राप्त जनसामान्य की शिकायतों/प्रकरणों पर सम्बन्धित विभागों एजेंसियों द्वारा किया गया मूल्यांकन तथा उनके अनुपालन में कृत कार्यवाही की समीक्षा बैठक आयोजित की गयी।

जिलाधिकारी ने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिये कि जनता से जुड़ी हुए विभिन्न शिकायती प्रकरणों का यदि समाधान कर लिया जाता है अथवा समस्या का निस्तारण न होने की स्थिति में उसके स्पष्ट कराण सहित सम्बन्धित आवेदक को भी उचित माध्यम से सूचित करें तथा समस्या के निराकरण मे गम्भीरता से कार्य करें। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि तहसील से लेकर विकासखण्ड स्तर तथा सभी जिला स्तरीय कार्यालयों के इन्सफ्रास्ट्रक्चर को बढाकर तथा कार्यशैली में बेहतर सुधार करते हुए पब्लिक ग्रीवान्स के मामलों का तेजी से और पारदर्शिता से निस्तारण करें।



विभिन्न स्तरों से प्राप्त जनसामान्य की शिकायतों/प्रकरणों पर सम्बन्धित विभागों एजेंसियों के साथ समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी।

समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने अधिकतर भूमि विवाद से जुड़े हुए अवैध निर्माण, अवैध प्लाटिंग, सरकारी भूमि व कृषि भूमि पर अतिक्रमण, गोल्डन फारेस्ट भूमि के क्रय–विक्रय, अवैध व्यवयायिक गतिविधियां चलाने के प्रकरणों के साथ ही आवास योजना से जुड़े हुए प्रकरणों पर कृत कार्यवाही की आख्या प्राप्त करते हुए सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिये।

जिलाधिकारी ने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत् अपात्र व्यक्ति को आवास का लाभ दिलवाने पर और उसकी प्रथम किशत जारी करने के प्रकरण पर संज्ञान लेते हुए खण्ड विकास अधिकारी विकासनगर को निर्देशित किया कि इस प्रकरण से जुड़े सम्बन्धित ग्राम पंचायत के ग्राम पंचायत विकास अधिकारी से उक्त धनराशि वसूली जाय। उन्होंने इस सम्बन्ध में खण्ड विकास अधिकारी को कार्यवाही करते हुए आख्या प्रस्तुत करने के निर्देश दिये। इसके अतिरिक्त उन्होंने ए.डी.ओ पंचायत चकराता द्वारा झूठी आख्या प्रेषित करने के प्रकरण में भी सम्बन्धित खण्ड विकास अधिकारी को 5 मार्च तक जांच करते हुए आख्या प्रस्तुत करने के निर्देश दिये। उन्होंने विद्युत विभाग के अधीक्षण अभियन्ता को ऐसे विभिन्न क्षेत्रों में जहां मानक के अनुसार निश्चित दूरी में विद्युत पोल लगाये जाने थे तथा प्राप्त शिकायत के अनुसार कुछ स्थानों पर अभी तक मानक के अनुसार नही लगाये गये हैं को अगले 15 दिन के भीतर इस पर कार्यवाही करते हुए रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा।

जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनहित के किसी भी शिकायती प्रकरण को अनावश्यक विलम्ब न रखें तथा यदि कोई अधिकारी अनावश्यक समस्या निस्तारण में विलम्ब करेगा तो इसको गम्भीरता से लिया जायेगा।

## न्यूज डायरी

### उत्तराखण्ड एडवेंचर टूरिज्म समिट का आयोजन 20 से 22 मार्च तक

**(संवाददाता)** देहरादून। राज्य में साहसिक पर्यटन की अपार संभावनाओं को देखते हुए पर्यटन विभाग द्वारा 20 से 22 मार्च के मध्य जिम कार्बेट नेशनल पार्क, रामनगर, नैनीताल में उत्तराखण्ड एडवेंचर टूरिज्म सम्मिट का आयोजन में किया जा रहा है। इस आयोजन को सफल बनाने के उद्देश्य से सचिव पर्यटन दिलीप जावलकर द्वारा गढ़ीकैन्ट स्थित पर्यटन मुख्यालय में फेडरेशन ऑफ इण्डियन चौम्बर्स ऑफ कॉमर्स एण्ड इण्डस्ट्री (फिक्की) और एडवेंचर टुअर ऑपरेटर्स एसोसिएशन ऑफ इण्डिया के प्रतिनिधियों के साथ एक बैठक की गयी, जिसमें सम्बन्धितों तथा पर्यटन विभाग के अधिकारियों को सभी व्यवस्थायें समय से पूर्ण किये जाने के निर्देश दिये गये।

### अंतर केन्द्रीय विद्युत क्षेत्र उपक्रमों की टेबल टेनिस प्रतियोगिता का उद्घाटन

**(संवाददाता)** ऋषिकेश। टीएचडीसीआईएल में अंतर केन्द्रीय विद्युत क्षेत्र उपक्रमों की टेबल टेनिस प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ। मुख्य अतिथि विजय गोयल निदेशक (कार्मिक) टीएचडीसी इण्डिया लिमिटेड (टीएचडीसीआईएल) ने पॉवर स्पोटर्स कन्ट्रोल बोर्ड विद्युत मंत्रालय के तत्वावधान में 22वीं अंतर केद्रींय विद्युत क्षेत्र उपक्रमों की टेबल टेनिस टूर्नामेंट का उद्घाटन किया। गोयल ने पॉवर स्पोटर्स कन्ट्रोल बोर्ड का ध्वज फहराया व टूर्नामेंट के शुभारम्भ की विधिवत घोषणा करने के साथ ही खिलाडियों को खेल भावना की शपथ दिलाई तथा आहवान करना भी चाहूंगा कि हम सब मिलकर भारत सरकार के खेलों इंडिया कार्यक्रम को आगे बढाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएं।

### स्मार्टफोन फोटोग्राफी के रूपांतरण के लिए नए अवतार में टेक्नो कैमॅन सीरीज की वापसी

**(संवाददाता)** देहरादून। वैश्विक प्रीमियम स्मार्टफोन ब्रांड टेक्नो मोबाइल ने कैमॅन 15 और कैमॅन 15प्रो के लॉन्च की घोषणा करते हुए अपने 'सेगमेंट फर्स्ट' होने की साख की एक बार फिर पुष्टि की है। ये कंपनी की तरफ से अपनी लोकप्रिय कैमरा.सेंट्रिक कैमॅन सीरीज से 2020 की पहली डुअल पेशकश हैं। दोनों स्मार्टफोन भारत के मध्यम–बजट उपभोक्ताओं के लिए दिन के समय, कम रोशनी में और रात में फोटोग्राफी का स्वरूप बदल देंगे। टेक्नो कैमॅन स्मार्टफोन हाइअर कैमरा पिक्सेल, प्रीमियम एआई–सक्षम अल्ट्रा नाइट लेंस 'डीएसपी तकनीक से लैस' और पॉप–अप सेल्फी कैमरा के युग की निशानी हैं। और इनका अविश्वसनीय रूप से सस्ती कीमत वाला पहलू प्रतिस्पर्धा के लिहाज से और व्यापक तौर पर उद्योग के लिए नए मानक स्थापित करेगा।

# रोडवेज के किराए में वृद्धि व फारेस्ट गार्ड भर्ती में धांधली के विरोध में प्रदर्शन

भाजपा सरकार मंहगाई पर लगाम लगाने में पूरी तरह नाकाम

**संवाददाता**

देहरादून। उत्तराखण्ड की त्रिवेन्द्र सरकार द्वारा रोडवेज बस किराये में भारी वृद्धि किये जाने तथा फॉरेस्ट गार्ड भर्ती में हुई धांधली के विरोध में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रीतम सिंह के आह्वान पर कांग्रेसजनों द्वारा आज प्रदेशभर के समस्त जिला एवं शहर मुख्यालयों में भाजपा सरकार का पुतला दहन किया गया।

इसी कार्यक्रम के तहत दून में महानगर कांग्रेस अध्यक्ष लालचन्द शर्मा के नृतृत्व में कांग्रेसजनों द्वारा ऐस्लेहॉल चौक पर भाजपा सरकार का पुतला दहन किया गया। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत कांग्रेसजन प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में एकत्र हुए तथा नारेबाजी करते हुए ऐस्लेहॉल चौक की ओर बढ़े जहां पर उन्होंने भाजपा सरकार के पुतले को आग के हवाले किया। इस अवसर पर महानगर अध्यक्ष लालचन्द शर्मा ने कहा कि भ्रष्टाचार में जीरो टॉलरेंस की बात करने वाली राज्य की डबल इंजन त्रिवेन्द्र सिंह रावत सरकार भ्रष्टाचार में आकंठ डूबी हुई है तथा हर विभाग में भ्रष्टाचार के रोज नये–नये मामले सामने आ रहे हैं। राज्य का बेरोजगार नौजवान इस बात से आशान्वित था कि उन्होंने राज्य में भारतीय जनता पार्टी की प्रचण्ड बहुमत वाली सरकार बनाई है तो यह सरकार उनके बेरोजगारी के मुद्दे का हल निकाल कर यहां के नौजवानों को रोजगार मुहैया करायेगी परन्तु राज्य की भाजपा सरकार अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा आयोजित फॉरेस्ट गार्ड जैसी परीक्षाओं में घोटाला कर राज्य के बेरोजगार युवा को छलने का काम कर रही है। उन्होंने कहा कि फारेस्ट गार्ड भर्ती परीक्षा में सरकार से मिलीभगत कर नकल माफिया द्वारा एक अभ्यर्थी से 8 लाख रूपये तक वसूले गये हैं। वर्षों से भर्ती परीक्षा का इंतजार कर रहे बेरोजगार नवयुवकों के भविष्य के साथ खिलवाड किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा गरीब जनता के आवागमन का साधन रोड़वेज की बसों के किराये, भवन कर, बिजली पानी के करों में भारी वृद्धि कर मंहगाई की मार झेल रही गरीब जनता का बोझ बढ़ाया जा रहा है।

# बिना मानकों के चल रहे स्टोन क्रेसरों पर शिकंजा

**(संवाददाता)** हरिद्वार। उत्तराखण्ड में मानक पूरे न करने वाले स्टोन क्रशरों पर शासन अब प्रशासन के जरिये सख्ती दिखाएगा। जिसके कारण सोमवार से ही बड़े पैमाने पर चेकिंग अभियान चलाए जाने की शुरुआत हुई। मानक पूरे न करने वाले स्टोन क्रशरों को सील करने की कार्यवाही की जाएगी। जिलाधिकारी हरिद्वार सी रविशंकर के आदेश पर अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) के के मिश्रा ने इस अभियान के अंतर्गत जिले के सभी स्टोन क्रशरों की अनुमति, भंडारण की अनुमति, स्टॉक का मिलान समेत सभी मानकों की जांच को लेकर पांच टीमों का गठन किया है। प्रत्येक टीम का नेतृत्व एसडीएम करेंगे। इनके साथ ही इन टीमों में खानिजकर्म विभाग के अधिकारी और प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अधिकारी शामिल रहेंगे। जिअस्की शुरुआत सोमवार से हो गई। प्रत्येक टीम में गूगल एक्सपर्ट के साथ–साथ विडिओ और फोटोग्राफर भी उपलब्ध कराये गए है कि किसी भी प्रकार की गड़बड़ी ना हो सके।